# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

**13th April 2024**

## चर्चित व्यक्तित्व - नियुक्तियाँ

| | | |
|---|---|---|
| **जस्टिस अनिरुद्ध बोस** | ❖ सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस को **राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी** (एनजेएसी), भोपाल का निदेशक नियुक्त किया है।<br>❖ वह हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए हैं। |  |
| **जगजीत पवाडिया** | ❖ संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित चुनावों में सबसे अधिक वोट हासिल करते हुए, जगजीत पवाडिया को 2025-2030 की अवधि के लिए **अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण बोर्ड (आईएनसीबी)** में फिर से चुना गया है। |  |

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

| | | |
|---|---|---|
| **हरेन्द्र सिंह** | ❖ इन्हें **भारतीय महिला हॉकी टीम का कोच नियुक्त किया गया है।**<br>❖ इनसे पहले जेनेके स्कोपमैन भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच थीं, जिन्हें हॉकी इंडिया ने बर्खास्त कर दिया था। |  |

## सूचकांक/रिपोर्ट

| | |
|---|---|
| **हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024** | ❖ यह सूचकांक हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी किया गया है।<br>❖ हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के अनुसार, भारत में 2017 के बाद पहली बार यूनिकॉर्न निर्माण में गिरावट दर्ज की गई।<br>❖ सूचकांक के अनुसार, 2023 में भारत में 67 यूनिकॉर्न थे, जो पिछले वर्ष (2022) के 68 से एक कम है।<br>❖ अमेरिका 703 यूनिकॉर्न के साथ इस सूची में शीर्ष पर है, जो 2022 से 37 अधिक है, और चीन 340 यूनिकॉर्न के साथ इस सूची में शीर्ष पर है। यू.के. और यूरोपीय संघ क्रमशः सूची में चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। |
| **क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग** | ❖ **क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स** की ओर से वर्ष **2024 के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग** जारी कर दी गई है। इस वर्ष क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विषय के अनुसार **भारत की रैंकिंग प्रविष्टियों और समग्र प्रदर्शन में क्रमशः 19 प्रतिशत और 17 प्रतिशत की वृद्धि** हुई है।<br>❖ इस रैंकिंग में इस वर्ष भर्ती के **जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी को देश में प्रथम स्थान** प्राप्त हुआ है।<br>❖ **भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद** व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन के लिए दुनिया भर के शीर्ष 25 संस्थानों में शामिल है। इसके अलावा **आईआईएम-बैंगलोर और कलकत्ता को शीर्ष 50 में** जगह दी गई है। |

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

| | |
|---|---|
| | ❖ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी** ने डाटा साइंस में अच्छा प्रदर्शन करते हुए **51-70 की वैश्विक रैंकिंग** हासिल की है। **पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में विश्व स्तर पर 51-100 वें** स्थान पर रहा है। |

## महत्वपूर्ण दिनांक/दिवस

| दिनांक | दिवस | महत्वपूर्ण बिंदु |
|---|---|---|
| **11 अप्रैल** | **विश्व पार्किंसन दिवस**   | ❖ विश्व पार्किंसंस दिवस प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को **पार्किंसंस रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है** । पार्किंसंस रोग एक न्यूरो-डीजेनेरेटिव विकार है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है ।<br>❖ यह दिन ब्रिटिश चिकित्सक डॉ. जेम्स पार्किंसन के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 1817 में प्रकाशित अपने ऐतिहासिक निबंध **'एन एस्से ऑन द शेकिंग पाल्सी'** में पहली बार इस रोग के लक्षणों का वर्णन किया था।<br>❖ **2024 का थीम है "पार्किंसंस के साथ बेहतर जीवन को प्रोत्साहित करना"** |
| **13 अप्रैल** | **जलियांवाला बाग स्मृति दिवस** | ❖ हर वर्ष 13 अप्रैल को जलियांवाला बाग स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है, वर्ष 1919 के 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन एक शांतिपूर्ण बैठक में शामिल लोगों पर अंग्रेज जनरल डायर ने गोली चलाने का आदेश दिया था।<br>❖ इस घटना के विरोध में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने अंग्रेजों द्वारा दी गयी नाइटहुड की उपाधि का त्याग कर दिया।<br>❖ इस हत्याकांड के बाद गांधीजी ने बोअर युद्ध के दौरान किये गये अपने कार्य के लिए अंग्रेजों द्वारा दी गयी केसर-ए-हिंद की उपाधि को त्याग दिया।<br>❖ उस समय वायसराय की कार्यकारी परिषद में शामिल इकलौते भारतीय प्रतिनिधि चेट्टूर शंकरन नायर ने विरोध में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। |

## वैश्विक समसामयिकी

| | |
|---|---|
| **इजराइल** | इजराइल ने पहली बार **सी-डोम नामक अपने जहाज पर लगे रक्षा तंत्र को तैनात किया है।** सी-डोम, आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली का एक नौसैनिक संस्करण है जिसका उपयोग रॉकेट और मिसाइल हमलों से बचाव के लिए किया जाता है। सी-डोम का पहली बार 2014 में अनावरण किया गया था, जिसे नवंबर 2022 में कार्यरत करने की घोषणा की गई थी। |

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

## विविध समसामयिकी

- भारत पहली **बार इथियोपिया, मोजाम्बिक, आइवरी कोस्ट, फिलीपींस, आर्मेनिया और पोलैंड सहित कई देशों में रक्षा अताशे तैनात करेगा, जो** प्रमुख क्षेत्रों के साथ रणनीतिक संबंधों का विस्तार करने की अपनी व्यापक नीति पहल के अनुरूप है, यह कदम नए भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बीच उठाया गया है। भारत सरकार छोटे से अफ्रीकी देश जिबूती में भी एक नया रक्षा अताशे नियुक्त कर रहा है, जो लाल सागर और अदन की खाड़ी के आसपास एक प्रमुख समुद्री प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है, और इसे सैन्य ठिकानों के लिए एक बेशकीमती स्थान माना जाता है। जिबूती में नया रक्षा अताशे द्वीप राष्ट्र में पद संभालने वाला दूसरा व्यक्ति होगा।
  - सैन्य अताशे या डिफेंस अताशे सैन्य एक्सपर्ट होते हैं। ये दूतावास से जुड़े होते हैं। इस प्रकार का अताशे पद के लिए आमतौर पर एक हाई-रैंकिंग सैन्य अधिकारी नियुक्त होता है। ये विदेश में अपने देश के रक्षा प्रतिष्ठान के सदस्य के रूप में होते हैं।

- **एचडीएफसी लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में शाखा** खोलने वाला पहला निजी बैंक बन गया ।

**नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल (एनसीवीबीडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने विसरल लीशमैनियासिस, जिसे आमतौर पर कालाजार के नाम से जाना जाता है, को खत्म करने** का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है। भारत ने शुरू में 2010 तक कालाजार को खत्म करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन लगातार चुनौतियों के कारण लक्ष्य को 2023 तक बढ़ा दिया गया था।

| |
|---|
| कालाजार एक **वेक्टर जनित रोग है** जो मक्खी के काटने से फैलने वाले प्रोटोजोआ परजीवियों के कारण होता है। यह दशकों से, विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। |

❍❍❍❍